बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
आदेश

पटना, दिनांक– / /2026

संचिका सं०–17/विविध 1–183/2020 ...../स्वा०, डा० हरकोमल कौर, सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पटियाला, पंजाब को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, चडीगढ, पजाब द्वारा अगले पॉच वर्षो के लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन प्रतिनियुक्ति हेतु प्रदान किये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र के आलोक मे डा० कौर द्वारा दिनांक–15.11.2021 को स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में योगदान समर्पित किया गया। तदोपरान्त डा० कौर को स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सख्या–134(17) दिनांक–25.03.2022 द्वारा अगले पॉच वर्षो के लिये प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया। तत्पश्चात डा० कौर को स्थानान्तरित करते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय, मधेपुरा में पदस्थापित किया गया है।

2. डा० हरकोमल कौर की स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन प्रतिनियुक्ति अवधि दिनांक–14.11.2026 को समाप्त हो रही है। डा० कौर द्वारा अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक दायित्वो के निर्वहन हेतु पुनः अगले तीन वर्षो के लिये प्रतिनियुक्ति अवधि को विस्तारित करने का अनुरोध किया गया है, जिसके आलोक में चिकित्सा शिक्षा एव अनुसंधान विभाग, चंडीगढ, पंजाब के आदेश ज्ञापाक–4/1503787/2026 दिनांक–17.09.2026 द्वारा डा० कौर के प्रतिनियुक्ति अवधि के विस्तार (दिनाक–15.11.2026 से 14.11 2029 तक) हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

3 अत. उक्त के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त डा० हरकोमल कौर, सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पटियाला, पंजाब सम्प्रति सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय, मधेपुरा के स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन प्रतिनियुक्ति अवधि को दिनांक–15.11 2026 के प्रभाव से अगले तीन वर्षो के लिये विस्तारित किया जाता है।

4. उक्त में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का परामर्श एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–17/विविध1–183/2020– 1381(17) /पटना, दिनांक– 16/10/2026

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला कोषागार पदाधिकारी, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्राचार्य/अधीक्षक, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– डा० हरकोमल कौर, सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पटियाला, पंजाब सम्प्रति सहायक प्राध्यापक (प्रतिनियुक्त) निश्चेतना विभाग, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, चंडीगढ, पजाब को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव (मृणायक दास) के निजी सहायक/प्रशाखा पदाधिकारी–प्रशाखा–01, 02, 03, 08, 09 एवं 18A स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–सायुक्त सचिव।

D/R/Adhisuchna 26